प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 0920 बजे

मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा शिमला में करेंगे भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का भूमिपूजन व शिलान्यास–पीटरहॉफ में अभिनन्दन समारोह में करेंगे शिरकत।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि।
- भारत–दक्षिण अफ्रीका जी–20 सीरीज का तीसरा मैच कल धर्मशाला में –पांच मैचों की श्रंखला में अभी भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबरी पर।
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की जताई संभावना– कल प्रदेश के उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान।

नडडा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दौरान आज शिमला के जुब्बड़हट्टी में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय की आधारशिला रखेंगे व भूमिपूजन करेंगे। बाद में जे.पी. नडडा शिमला के पीटरहॉफ में बिहार की प्रचंड जीत के बाद उनके पहले हिमाचल दौरे पर आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगें। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे विशेष सम्वाद्दाता––––––

इस बीच जगत प्रकाश नडडा का कल शाम शिमला पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित अन्य पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में केन्द्रीय मंत्री ने शिमला में भाजपा विधायक दल की एक अहम बैठक में भाग लिया। बैठक में प्रदेश की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों की रणनीतियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आपदा के समय भाजपा द्वारा किए गए धरातलीय कार्य मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पार्टी की योजनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई ।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह जानकारी दी।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि 2014 के बाद 2024 तक 44 परसेंट उत्पादन बढा है जो अपने आप में एक रिकार्ड है और वो उत्पादन के लिए नई बीज, नई टैक्नॉलिजी, नई कृषि पद्धति सबका उपयोग हो रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और समग्र कृषि विकास को गति देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार किसानों को दो लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी प्रदान कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है।

*अकेले फर्टिलाइजर सब्सिडरी लगभग दो लाख करोड मोदी सरकार दे रही है किसानों को। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि छोटे किसानों के लिए वरदान बन गई है। लगभग चार लाख नौ हजार करोड रुपया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों के खातों में अन्तर्रित किया गया है।*

संसद हमले की बरसी

पूरा देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य आज संसद भवन परिसर में बलिदानी सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज शिमला में समग्र शिक्षा अभियान की कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारम्भ करेंगे। इसके अलावा वे नवनिर्मित विद्या समीक्षा केंद्र का उदघाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री स्कूली बच्चों के साथ संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि मण्डी शहर को पानी की सुचारू और स्थायी आपूर्ति के लिए ऊहल पेयजल योजना की मुख्य पाईप लाइन की सकोर के पास अलाईनमेंट बदली जाएगी। उप मुख्यमंत्री कल इस पेयजल योजना की मुख्य पाइप लाइन का निरीक्षण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को इस पाइप लाईन के स्थिरीकरण के लिए स्थायी समाधान करने और शहर के लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अग्निहोत्री ने कहा कि इस पाइप लाइन में आ रही समस्या के समाधान के लिए आई.आई.टी. मण्डी की विशेषज्ञ टीम से निरीक्षण करवाया गया और उनके सुझावों पर पाईप लाइन की

रि–अलाईनमेंट का कार्य जारी है। इस योजना से मण्डी शहर के लिए हर रोज 16 एम.एल.डी. पानी की आपूर्ति की जाती है।

सरस मेला

प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर दस दिवसीय हिम ईरा सरस मेला व फूड कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के एक सौ दो स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और हस्तशिल्प कारीगरों के लिए अपने उत्पादों की बिक्री का एक मंच प्राप्त होगा।

धर्मशाला मैच

भारत–दक्षिण अफ्रीका जी–20 सीरीज का तीसरा मैच कल 14 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रंखला में भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबर है, ऐसे में धर्मशाला में होने वाले तीसरे मैच में दोनों टीमें बढ़त बनाना चाहेंगी। इससे पहले भारत और दक्षिण अफ्रीका की दोनों टीमें कल धर्मशाला पहुंची। आज दोनों टीमें दोपहर व शाम के सत्र में क्रमवार अभ्यास करेंगी। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। टी–20 सीरीज में भारतीय कप्तान सूर्य कुमार यादव की अगुवाई में खेल रही है आधे से अधिक टीम धर्मशाला में पहली बार मैदान में उतरेगी।

मौसम

प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर लगतार जारी है। प्रदेश में दिसम्बर माह के पहले पखवाडे में बारिश व बर्फवारी न होने की वजह से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है जिससे किसानों व बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कुल्लू जिला में शुष्क ठंड के चलते लोग वायरल फीवर व खांसी की चपेट आ रहे हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू ज़िला सम्वाद्दाता.......

इधर राजधानी शिमला, किन्नौर, कुल्लू, चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज शाम से पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है इसके चलते लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कांगड़ा, चंबा और कल्लू के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में कल बारिश और बर्फबारी हो सकती है, अन्य स्थानों पर मौसम साफ बना रहेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से................

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–अब महीनें में दो से 3 बार होंगे जमीन के इंतकाल।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–नड्डा आज करेंगे भाजपा के राज्य कार्यालय का शिलान्यास। हिमाचल दस्तक के अनुसार– शिमला पहुंचे नड्डा– अभिनंदन समारोह आज।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–युवाओं को बस–ट्रैवलर खरीदने पर मिलेगी 40 फीसदी सबसिडी। दैनिक भास्कर लिखता है–जनजातीय क्षेत्रों में परिवहन पर सरकार देगी 40 प्रतिशत सब्सिडी, सौर परियोजनाओं को भी बढ़ावा।

पंजाब केसरी की एक खबर है–जल विद्युत परियोजना की भूमि से 2 फीसदी की दर से भू–राजस्व वसूलेगी हिमाचल सरकार।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा शिमला में करेंगे भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय का भूमिपूजन व शिलान्यास–पीटरहॉफ में अभिनन्दन समारोह में करेंगे शिरकत।

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– पिछले दस वर्ष में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि।

- भारत–दक्षिण अफ्रीका जी–20 सीरीज का तीसरा मैच कल धर्मशाला में –पांच मैचों की श्रंखला में अभी भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबरी पर।
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की जताई संभावना– कल प्रदेश के उंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी की संभावना।

- इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार